>

Title: Need to provide adequate number of trains between Bikaner and Allahabad for Mahakumbh Mela, 2013.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति महोदय, आपने शून्य काल में लोक महत्व के मसले को उठाने की अनुमति दी इसके लिए धन्यवाद। इलाहाबाद में 14 जनवरी, 2013 से महाकुम्भ होने वाला है, जो लगभग 50 दिनों तक चलेगा। महाकुम्भ में देश के हर क्षेत्र से लोगों का आना-जाना रहता है। मैं राजस्थान के बीकानेर संसदीय क्षेत्र से चुन कर आया हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों से भी इस दौरान लाखों की संख्या में लोग धार्मिक आस्था के कारण महाकुम्भ में जाएंगे। वर्तमान में बीकानेर से इलाहाबाद के लिए कोई स्पेशल ट्रेन नहीं चलाई जाती है। ऐसी स्थिति में इलाहाबाद जाने वाली समस्त ट्रेनों में तथा आरक्षित कोचों में भी उनको खड़े-खड़े यात्रा करनी पड़ती है। बीकानेर संभाग मुख्यालय है तथा श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू और नागौर जिले की सीमाएं भी बीकानेर से लगती हैं। ऐसी स्थिति में महाकुम्भ के दौरान एक स्पेशल ट्रेन बीकानेर से इलाहाबाद तक चलाई जानी चाहिए जिससे यात्रियों के लिए महाकुंभ की यात्रा संभव हो सके। इस संबंध में मेरा यह भी कहना है कि स्पेशल ट्रेन के कुछ डिब्बे जोधपुर से चलाए जा सकते हैं, कुछ बीकानेर से चलाए जा सकते हैं और मेड़ता रोड पर उनका मिलान होने से वाया जयपुर अगर इस स्पेशल ट्रेन का रूट कर दिया जाए तो लगभग राजस्थान की अधिकांश जनता को इसका लाभ मिल सकता है। कुंभ स्थान से पहले व बाद में लाखों लोग अयोध्या और वाराणसी भी जाते हैं। अतः वाराणसी से जोधपुर जाने वाली मरूधर एक्सप्रेस से इन पूरे 50 दिनों में अतिरिक्त कोच लगाने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के रेल मंत्रालय से मांग करता हूं कि समय रहते इन व्यवस्थाओं को अंजाम दे जिससे महाकुम्भ के यात्रियों को किसी तरह की तकलीफ न हो तथा कुम्भ की यात्रा वे सुगमता से कर सकें।

MR. CHAIRMAN :

Dr. Virender Kumar may be associated with the issued raised by Shri Arjun Meghwal.